उत्तर पूर्व क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान
NORTH EAST REGIONAL INSTITUTE OF EDUCATION
(राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद)
(NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING)
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधिन एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under Ministry of HRD, Government of India)
उमियाम, शिलांग – 793103, मेघालय
Umiam, Shillong – 793103, Meghalaya
फोन/Ph. No. : 0364-2570009/17/24/52 **ई मेईल**/Email : nerie.ncert@gmail.com
फैक्स/Fax No. : 0364-2570062/24 **वेब साईट**/Web Site : http://nerie.nic.in

फा. सं 14-12/2010-एन.ई.आर.आई.ई / OLIC /27/28 दिनांकः 26th अगस्त,2019

सूचना

विषयः हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन हेतु।

संस्थान के प्रशासनिक कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा उसके अधिकाधिक प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से इस वर्ष भी संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा हैं। इसका आयोजन संस्थान में दिनांक 04 सितम्बर, 2019 से 18 सितम्बर, 2019 तक किया जाएगा जिसके अंतर्गत विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जाएंगी। पखवाड़ा में संगलग्नित प्रतियोगिताओं का आयोजन अनके सामने दी गई तिथि एवं समय पर किया जायेगा। संस्थान में संकाय सदस्यों / अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या को देखते हुए प्रतिभागियों की संख्या अकादमिक वर्ग से कम से कम 5 प्रतिभागी तथा गैर अकादमिक वर्ग से कम से कम 3 प्रतिभागी होने की स्थिति में भी प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय लिया गया हैं। इस स्थिति में केवल प्रथम एवं द्वितिय पुरूस्कार दिया जाएगा।

सभी संकाय सदस्यों/अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध हैं की प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनायें।

सुभाष चन्द्र रॉय 26/8/19

संलग्नकः प्रतियोगिता के कार्यक्रम।

(सुभाष चन्द्र रॉय)
हिन्दी अधिकारी,/संयोजक

प्रतिलिपिः

1. संस्थान में कार्यरत सभी नियमित संकाय सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी पखवाड़ा में भाग लेने हेतु।
2. डॉ. सुभाष चंद्र रॉय, प्रोफेसर एवं हिन्दी अधिकारी, संयोजक।
3. उप–सचिव, हिन्दी प्रकोष्ट, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली–110016
4. अनुभाग अधिकारी (परिसर एवं कल्याण C&W) अनुभाग।
5. इन्चार्ज ICT सूचना एवं संस्थान के वेबसाइट में अपलोड हेतु।
6. प्राचार्य के निजी सहायक।

क्र.सं	दिनांक	प्रतियोगिता	वर्ग	स्थान / समय
1	04/09/2019	हिन्दी टिप्पण व प्रारूपण प्रतियोगिता	प्रशासनिक वर्ग के अधिकारियों /कर्मचारियो के लिये।	ICT, 11:00 Am
2	06/09/2019	हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता	अकादमिक वर्ग तथा प्रशासनिक वर्ग के लिए अलग–अलग होगी।	ICT, 11:00 Am
3	09/09/2019	हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता	अकादमिक वर्ग तथा प्रशासनिक वर्ग के लिए अलग–अलग होगी।	ICT, 11:00 Am
4	12/09/2019	हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता	हिन्दीतर (अहिन्दी) भाषा–भाषी संकाय सदस्यों अधिकारियों/ कर्मचारियों के लियें।	ICT, 11:00 Am
5	18/09/2019	पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह		सभागार, 03:00 Pm

प्रतियोगिता के सामान्य जानकारी व नियम संस्थान के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

सुभाष चन्द्र रॉय 26/8/19

(सुभाष चन्द्र रॉय)

हिन्दी अधिकारी,संयोजक

प्रतियोगिता के सामान्य जानकारी व नियम

1. प्रत्येक प्रतियोगिता में कम से कम 10 प्रतिभागी होने चाहिए। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। यदि किसी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की संख्या कम हो तो ऐसी स्थिति में न्यूनतम 5 प्रतिभागी होने पर भी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। ऐसी स्थिति में केवल प्रथम और द्वितीय पुरस्कार ही दिए जाएंगे।

   प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार पाने वाले प्रतियोगिता विजेताओं को क्रमशः रु.1500/- रु.1200/- तथा रु. 1000/- की नकद राशि व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। यदि प्रतिभागियों की संख्या दस से अधिक है तो प्रत्येक अतिरिक्त दस प्रतिभागियों पर एक प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा, जिसकी राशि रु. 500/- होगी।

2. हिंदी प्रकोष्ठ में कार्यरत अधिकारी/ कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकेंगे।

3. निर्णायकों का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

4. परिषद के सभी नियमित संकाय सदस्य/अधिकारी/कर्मचारी ही इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।

5. प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विभागाध्यक्ष/शाखाधिकारी से यह प्रमाणित करवा कर देना होगा कि वह परिषद में नियमित रूप से कार्यरत हैं।

6. एक ही प्रतियोगिता में तीन वर्ष तक लगातार पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अगले वर्ष उसी प्रतियोगिता में भाग तो ले सकते हैं परंतु उन्हें केवल प्रमाण पत्र ही दिया जाएगा। वे नकद पुरस्कार लेने के पात्र नहीं होंगे। उससे अगले वर्ष यदि वे भाग लेते हैं तो विजयी होने पर नकद पुरस्कार के पात्र होंगे।

7. हिंदी सुलेख की प्रतियोगिता एम.टी.एस. कर्मचारियों के लिए ही आयोजित की जाएगी।

8. विशेषकर हिंदीतर (अहिन्दी) भाषा-भाषी कार्मिकों के लिए हिंदी पत्र-लेखन तथा निबंध-लेखन प्रतियोगिता और हिंदी सुलेख प्रतियोगिता परिषद में कार्यरत केवल हिंदीतर भाषा-भाषी संकाय सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए होगी।

9. निबंध और अनुवाद प्रतियोगिता प्रशासनिक वर्ग और अकादमिक वर्ग के लिए अलग-अलग आयोजित की जाएगी। यदि किसी कारणवश प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रतिभागियों की संख्या पाँच से कम है, तो दोनों वर्गों को मिलाकर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

10. प्रत्येक प्रतियोगिता के विशिष्ट नियम अनुक्रमांक पत्र के साथ भिजवाए जाएंगे।